दिनांकः- 21.10.2020

# “महोबा पुलिस”

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

## *शहीद स्मृति दिवस पर शहीदों को दी गयी भावुक श्रृद्धांजलि*

आज दिनांक 21.10.2020 को पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम तथा समस्त महोबा पुलिस परिवार की उपस्थिति में शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रृद्धा सुमन अर्पित करते हुये श्रृद्धांजलि अर्पित की गयी व शहीदों के सम्मान में 02 मिनट मौन रखा गया।

अपने वीर शहीदों को हम शीश झुकाकर नमन करें....

स्मृति दिवस क्यों मनाती है पुलिस, आइये मनन करें....

इस अवसर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण गवाने वाले शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस शहीद दिवस हर साल **21** अक्टूबर को मनाया जाता है। आज ही के दिन सन् 1959 में लद्दाख के एक दुर्गम क्षेत्र में देश की रक्षा के दौरान भारतीय पुलिस (CRPF) के 10 जवान, चीनी सैनिकों के छल पूर्वक किये गये हमले में शहीद हो गये थे। तभी से यह दिन उन पुलिस जवानों की स्मृति में समर्पित होता है। पुलिस अधीक्षक ने बिकरु कांड तथा अमेठी में शहीद हुये पुलिस कर्मियों को याद करते हुये भावुक श्रृद्धांजिल अर्पित की।

इस अवसर पर सीओ श्री रामप्रवेश राय, आरआई श्री सैनजीत सिंह, वाचक एसपी श्री बृजेन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष के साथ-साथ सभी शाखा प्रभारी, अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।









## महाभियान "मिशन शक्ति" के तहत कालेज/स्कूल की छात्राओं को महिला सुरक्षा सम्मान के लिये किया गया जागरूक

बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिये *मिशन शक्ति* अभियान का संचालन किया जा रहा है जिसके तहत आज दिनांक 21.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर श्रीमती रचना सिंह-नोडल अधिकारी मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा व सम्मान) व श्रीमती सुषमा चौधरी, प्रभारी महिला थाना महोबा के नेतृत्व में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत यू0पी0 सरकार/पुलिस के महाभियान #मिशनशक्ति के तहत जिला सेवायोजन कार्यालय में अवस्थित सभागार कक्ष में वीर भूमि डिग्री कालेज/GGIC स्कूल की आयी हुयी छात्राओं को जागरूक किया गया तथा पुलिस हेल्पलाइन नम्बरो – 1090, 181, 1076, 112, 1098, 102, 108 के बारे में अवगत कराया गया एवं पम्प्लेट बाँटकर, उन्हे उनके कानूनी अधिकारों से भी अवगत कराया गया।

आयोजित गोष्ठी में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मालती विश्वकर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री सुधीर त्यागी, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री सुरेश प्रताप सिंह, **GGIC** प्रिन्सिपल श्रीमती सरगम खरे, वीर भूमि डिग्री कालेज से प्रवक्ता डा0 सन्तोष कुमार आदि अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



दिनांकः- 21.10.2020

# “महोबा पुलिस”

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

## अजनर पुलिस ने अवैध शराब के साथ 02 अभियुक्ताओं को किया गिरफ्तारः-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के.गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शराब बेचने व बनाने वालो के बिरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान के क्रम में प्र0 नि0 थाना अजनर श्री शशि कुमार पाणडेय द्वारा गठित टीम में उ0नि0 राजेशकुमार प्रजापति मय हमराह का. इन्द्रजीत सिंह थाना अजनर जनपद महोबा व आवकारी निरीक्षक श्री योगेश कुमार व का. मुस्ताक उल्ला व म.का.आवकारी. संगीता देवी के संयुक्त टीम कबूतरा डेरा धवर्रा से दो अभियुक्ताओ श्रीमती नीलू पत्नी संगम कबूतरा उम्र करीब 20 वर्ष ग्राम धवर्रा व थाना अजनर जिला महोबा व 2. खुशी कबूतरा पत्नी रोहन कबूतरा निवासी ग्राम हलरा व थाना उल्दन जिला झासी व हाल निवासी ग्राम धवर्रा व थाना अजनर जिला महोबा को एक एक प्लास्टिक के डिब्बो में करीब 15-15 लीटर कच्ची नाजायज शराब के साथ दिनाँक 21/10/2020 को समय करीब 10.40 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया था जिसके विरुद्ध थाना हाजा पर मु.अ.सं. 182/2020 धारा 60 आवकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्ताओं का विवरणः-

1.श्रीमती नीलू पत्नी संगम कबूतरा उम्र करीब 20 वर्ष ग्राम धवर्रा व थाना अजनर जिला महोबा
2. खुशी कबूतरा पत्नी रोहन कबूतरा निवासी ग्राम हलरा व थाना उल्दन जिला झासी व हाल निवासी ग्राम धवर्रा व थाना अजनर जिला महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम/आबकारी टीमः-

1.उ. नि. श्री राजेश कुमार प्रजापति चौकी प्रभारी धवर्रा थाना अजनर जनपद महोबा
2.का. इन्द्रजीत यादव थाना अजनर जनपद महोबा
3. निरीक्षक श्री योगेश कुमार थाना अजनर जनपद महोबा
4. का. मुस्ताक उल्ला थाना अजनर जनपद महोबा
5. म.का.आवकारी. संगीता देवी थाना अजनर जनपद महोबा





# "शहीद स्मृति दिवस" के अवसर पर पुलिस लाइन्स में 10 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



आज दिनाँक 21.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा **शहीद स्मृति दिवस** के अवसर पर पुलिस लाइन ग्राउन्ड में (दिनाँक 21 से 31 अक्टूबर तक) 10 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा खिलाडियों का परिचय प्राप्त करते हुए सभी से खेल भावना से साथ प्रतिभाग करने को कहा गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम, सीओ कुलपहाड़ श्री रामप्रवेश राय, प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह, एमटीओ श्री ललित नारायण द्विवेदी सहित सभी खिलाड़ी मौजूद रहे।







दिनांक:- 21.10.2020

# “महोबा पुलिस”

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

## “मिशन शक्ति” अभियान के तहत महोबा पुलिस द्वारा पैदल गस्त के दौरान दुर्गा-पंडालो में जाकर बालिकाओं/महिलाओं के आत्म-सम्मान को किया गया जागरुक




आज दिनाँक 21.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम के पर्यवेक्षण में समस्त थानों द्वारा “मिशन शक्ति” अभियान के तहत दुर्गा-पंडालो में जाकर महिलाओं/बालिकाओ को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे उ0प्र0 शासन द्वारा महाभियान के अन्तर्गत थाना खन्ना द्वारा जागरुकता अभियान चलाया गया । इस दौरान उन्हे हेल्पलाइन नं0 1090/181/112/1076 की जानकारी दी गई एवं उनके कानूनी अधिकारो से भी अवगत कराया गया।





# कोविड-19 के उल्लंघन पर किया गया 6900/-रू0 का जुर्माना एवं यातायात नियमो के तहत किये गये ई-चालान





आज दिनाँक 21.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में **कोविड-19** का पालन कराये जाने तथा यातायात नियमो का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध चलाये जा रहे संघन चेकिंग/जागरुकता अभियान के तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में चेकिंग की गई । जिसके तहत **कोविड-19/यातायात नियमो के उल्लंघन** पर समस्त थानो द्वारा **कोविड-19 के तहत 62 व्यक्तियों से 6900/-रू0** जुर्माना वसूला गया तथा यातायात नियमो के उल्लंघन पर **39 ई-चालान** भी किया गया।

"शहीद स्मृति दिवस" के अवसर पर टी0आई0 श्री अरविन्द मिश्रा मय टीम द्वारा जनपद के वाहनों पर झंडा (स्टीकर) लगाया गया तथा उन्हे शहीद स्मृति दिवस के बारे में बताया गया।

# "महोबा पुलिस"

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

महोबा पुलिस

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021



अरुण कुमार श्रीवास्तव (IPS)
पुलिस अधीक्षक, महोबा

"मिशन शक्ति" के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे उ0प्र0 शासन/ उ0प्र0 पुलिस के महाभियान के अन्तर्गत श्रीमती सुषमा चौधरी, प्रभारी महिला थाना महोबा के नेतृत्व में रामकथा मार्ग में संचालित कोचिंग सेन्टरों में जाकर छात्राओं की सुरक्षा व सम्मान हेतु जारी महिला हेल्पलाइन नम्बर- 1090,181,112,108, 1076 एवं महिला सम्बन्धी कानून आदि की जानकारी की गई एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।







7839857330 दिनांक 21.10.2020 @mahobapolice SP Mahoba